यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India

## मेरा लक्ष्य

# भ्रष्टाचार मुक्त भारत




सामने वाले लल्लूजी आपसे बड़े अधिकारी हैं क्या?
अरे नहीं. उनका तो वेतन भी मुझसे कम है.
फिर वह हर तीन-चार महीने बाद घूमने कैसे चले जाते हैं. पिछले माह तो वह सपरिवार विदेश यात्रा करके आए हैं.
उनके बच्चे शहर के सबसे महंगे स्कूल में पढ़ते हैं.
पत्नी मुझसे अधिक कीमती गहने और कपड़े पहनती हैं.
कल ही उनकी नई एसयूवी आई है.


तुम में क्या कमी है. जो वह कर सकते हैं, आप क्यों नहीं?
कुछ सीखो उनसे. वह कहां हम कहां?
कुछ दिन बाद
कुछ सुना, लल्लूजी के घर छापा पड़ा है. उन्हें पुलिस पकड़ कर ले गई है.
भ्रष्टाचार का केस भी बन गया है.
अब देख लो, वह कहां और हम कहां!
मैं कहता था न कि जो वह करते हैं, मैं नहीं कर सकता.
और कभी करना भी नहीं.


कुछ भ्रष्टाचार यह भी...
घटिया व स्तरहीन विदेशी माल से देश के उद्योग-धन्धों को हानि पहुंचाना.
चाईना टाउन
सस्ते माल की दुकान
LED
मिलावटी खाद्य पदार्थ बेचकर जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करना.
अशुभ लाभ.
मावा
मसाले
आटा
प्रतिभाशाली व योग्य व्यक्ति की जगह अयोग्य व्यक्ति को नौकरी या ठेके देना.
माल दो, काम लो.
500/-
बिना कारण देरी करना अथवा काम को लटकाना.
Z
Z
आश्वासन व वादों को पूरा न करना.
अब वादे पूरे करने का वादा करता हूं.
और वादे !?!


मत/कर
मुझे देर हो रही है. आप जल्दी से पे आर्डर दे दें. शेष कागज मैं लौट कर पूरे कर दूंगा.
अग्रिम विभाग
थोड़ा धैर्य रखें. बस कागज पूरे हो जाने दें.
जल्दी से टेंडर खोल लो.
सर, आवेदकों को आ जाने दें. टेंडर उनके सामने और तय समय पर ही खोलेंगे.
आप मेरा खाता खोल दीजिए. के.वाई.सी. दस्तावेज मैं बाद में दे जाऊंगा.
क्षमा करें, बिना के.वाई.सी. पूरा किए हम खाता नहीं खोल सकते.







आप ही ने तो कहा था कि जो घूस मांगे, उस का एम एमएस बना कर हमें भेज देना.






धन्यवाद सर, आप की एक छोटी सी न ने हमें वर्ष भर की सिरदर्दी से बचा लिया.




यह विश्वासघात नहीं, आपकी निष्ठा है. अपने सहकर्मी के गलत कार्यों की सूचना देकर आपने बैंक को होने वाले संभावित नुकसान से बचा लिया.







सचमुच ज्ञान बहुत बड़ी चीज है. आप को इतनी जानकारी न होती तो मैं गलत व्यक्ति को ऋण दे कर मुसीबत में फंस जाता.



मुर्ख थोड़े ही हूं, पड़ोसी को पहले ही बता रखा है. मैं **पासवर्ड** भूल गया तो क्या, उसे तो याद रहेगा.




जागरूकता
मुझे कुछ खातों में गड़बड़ी का अंदेशा है.
हमारा स्टाफ बहुत मेहनती व ईमानदार है. ऐसा नहीं हो सकता.
शा. प्रबंधक
लेखापरीक्षक
कुछ और गहन जांच करनी पड़ेगी.
आप बेफिक्र हो कर करें.
संस्था का हित सर्वोपरि है.
कुछ दिन बाद
मेरा शक ठीक निकला. कुछ खातों में बहुत होशियारी से हेरफेर किया गया है. यह किसी शातिर दिमाग का खेल है.
ओह!
शाखा प्रबंधक ने एक-एक स्टाफ सदस्य से पूछताछ की पर मनोज के सिवा किसी ने भी कुछ नहीं बताया.


तुम्हें किसी पर कोई शक?
सर शायद राजा.
कैसी बातें करते हो. अभी अभी उसे सर्वश्रेष्ठ कर्मी का पुरस्कार मिला है. कहीं तुम्हें उससे ईर्ष्या तो नहीं?
नहीं सर, आपने उसकी जिन खूबियों की प्रशंसा करी थी, वही शक पैदा करती हैं.
क्या मतलब?
राजा बहुत मेहनती है. देर-देर तक कार्यालय का काम करता रहता है. अपना काम सदा पूरा रखता है.
उसने तो पिछले एक वर्ष से कोई छुट्टी तक नहीं ली.


यही नहीं, आवश्यकता पड़ने पर राजा सहयोगियों की सहायता करने से भी नहीं चूकता.
धन्यवाद.
हर समय नई नई जानकारी व ज्ञान प्राप्त करने में जुटा रहता है. कोई भी नया प्रोग्राम हो उसमें महारथ प्राप्त करके ही रहता है.
सदा टिपटॉप रहता है और बढ़िया-बढ़िया कपड़े पहनता है.
वाह!
इतना व्यस्त रहने पर भी ग्राहकों से घुलमिल कर बात करता है. कभी भी अपना धैर्य नहीं खोता.
इतनी सारी खूबियों के बाद राजा के अलावा सर्वश्रेष्ठ कर्मी पुरस्कार का दावेदार और कौन हो सकता है?


कुछ दिन पहले ही इसने महंगी बाइक खरीदी थी. अब जब इसने कीमती गाड़ी खरीदी वह भी बिना ऋण के तभी मुझे पूरा यकीन हो गया था कि कुछ गड़बड़ है.
पूछताछ में राजा ने अपनी सारी कारस्तानियां स्वीकार कर लीं.
अभी तो शुरुआत थी. संस्था को बड़ा नुकसान होने से बच गया.
आपका बहुत-बहुत धन्यवाद.
धन्यवाद का असली हकदार तो यह मनोज है. इसने समय रहते चेता दिया और बड़ी गड़बड़ी होने से बच गई.
वाह! मनोज तुम्हें तो सबसे जागरूक कर्मचारी का इनाम मिलना चाहिए.
धन्यवाद सर.
समाप्त




आलोक भार्गव द्वारा रेखांकित व यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, केंद्रीय कार्यालय, २३९ विधान भवन मार्ग, नरीमन पॉइंट, मुंबई - ४०००२१ के सतर्कता प्रभाग द्वारा प्रकाशित